# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने प्राकृतिक खेती, जलवायु अनुकूल कृषि और एग्री-स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कुल कितने संगठनों के साथ ऐतिहासिक एमओयू (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(A) 16 संगठन

(B) 22 संगठन

(C) 32 संगठन

(D) इनमें से कोई नही

जुलाई 2026 में, राजस्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने प्राकृतिक खेती, जलवायु अनुकूल कृषि और एग्री-स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कुल 32 संगठनों के साथ ऐतिहासिक एमओयू (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

- इन साझेदारियों का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में सतत वृद्धि करना और 'विकसित राजस्थान 2047' के विजन को साकार करना है।
- इन समझौता ज्ञापनों (MoU) से किसानों को तकनीकी सहायता, जैविक प्रमाणन और बेहतर विपणन सुविधाएं मिलेंगी।
- कृषि विभाग ने कुल 32 संगठनों नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल मार्केटिंग (NIAM) सहित 10 अग्रणी एग्रीटेक स्टार्टअप्स तथा 20 प्रतिष्ठित सिविल सोसाइटी संगठनों (CSOs) के साथ समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए
- प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 'खेत बचाओ अभियान' शुरू किया गया है।

## Yesterday Revision

प्रश्न: 1 राजस्थान में नई व्यवस्था के तहत RGHS लाभार्थी OPD में सीधे कितने रुपये तक की रूटीन जांचें करा सकेंगे?

उत्तर: ₹2,000 तक।

प्रश्न: 2 डच जूनियर ओपन 2026 स्क्वैश प्रतियोगिता का गर्ल्स अंडर-13 खिताब किसने जीता है?

उत्तर: जयपुर की दिव्यांशी जैन ने (मिस्र की तालिया इस्लाम को हराकर)।

प्रश्न: 3 बीकानेर यूथ गेम्स 3.0 (Khelo Bikaner Youth Games 3.0) का आयोजन कब से शुरू हुआ है?

उत्तर: 13 जुलाई 2026 से (पुष्करणा स्टेडियम, बीकानेर)।

प्रश्न: 4 एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के सबसे युवा रोबोटिक सर्जन के रूप में दर्ज डॉ. सौरभ त्रिवेदी कहाँ के विनायका हॉस्पिटल से हैं?

उत्तर: जोधपुर।

प्रश्न: 5 राजस्थान सरकार ने राज्य कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को ₹20 लाख से बढ़ाकर कितना कर दिया है?

उत्तर: ₹25 लाख।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 5वीं राजस्थान स्टेट सब-जूनियर (अंडर-15) बॉयज एंड गर्ल्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी

(B) इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेजबान अलवर की टीम विजेता और कोटा की टीम उपविजेता रही

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 5वीं राजस्थान स्टेट सब-जूनियर (अंडर-15) बॉयज एंड गर्ल्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता (22 से 24 मई 2026) आयोजित की गई थी
- इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेजबान अलवर की टीम विजेता और कोटा की टीम उपविजेता रही
- विजेता (गर्ल्स वर्ग): पहला स्थान अलवर (Alwar) और दूसरा स्थान कोटा (Kota)


बॉक्सर: बालिका वर्ग में कोटा की आरिका सिंह (Aarika Singh) को बेस्ट बॉक्सर चुना गया

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान में बिट्स पिलानी की महिला वैज्ञानिक डॉ. इंद्रक्षी रायचौधुरी और उनकी टीम ने IBM Quantum के साथ मिलकर भारत का पहला सत्यापित 'क्वांटम एडवांटेज' हासिल कर इतिहास रच दिया है।

(2) सब-एटॉमिक कणों की जटिल भौतिकी सिमुलेशन गणना को मात्र 20 सेकंड में पूरा कर दिया

**सही विकल्प चुनें**



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान में बिट्स पिलानी की महिला वैज्ञानिक डॉ. इंद्रक्षी रायचौधुरी और उनकी टीम ने IBM Quantum के साथ मिलकर भारत का पहला सत्यापित 'क्वांटम एडवांटेज' हासिल कर इतिहास रच दिया है।

जिस जटिल गणना को करने में एक सामान्य (क्लासिकल) कंप्यूटर को लगभग दो घंटे (120 मिनट) का समय लगता, उसे इस क्वांटम एल्गोरिदम ने मात्र 20 सेकंड में पूरा कर दिया।

डॉ. इंद्रक्षी रायचौधुरी की टीम ने IBM के 156-क्यूबिट हेरॉन (Heron) प्रोसेसर पर 120 क्यूबिट का उपयोग करके सूक्ष्म कणों (Subatomic Particles) का रीयल-टाइम अनुकरण (Simulation) किया। इससे पहले अन्य शोधकर्ता इसे अधिकतम 27 क्यूबिट पर ही कर पाए थे।

इस अविश्वसनीय सफलता को IBM के 'क्वांटम एडवांटेज ट्रैकर' (Quantum Advantage Tracker) पर 'सक्रिय' (Active) का दर्जा मिला है। यह गौरव पाने वाली यह पहली भारतीय लैब बन गई है।

**03. राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की किस धारा में संशोधन कर पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन हेतु संतान संबंधी प्रावधानों को हटा दिया गया?**

(A) धारा 14

(B) धारा 15

(C) धारा 19

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा 19 में संशोधन कर पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन हेतु संतान संबंधी प्रावधानों को हटा दिया गया
- राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित करके राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 19 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन के माध्यम से दो संतानों से अधिक वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले प्रावधान (दो बच्चों का नियम) को समाप्त कर दिया गया है।
- यह नियम पंचायती राज संस्थाओं के साथ-साथ शहरी स्थानीय निकायों पर भी लागू होता है। राज्य सरकार द्वारा इस संशोधन अधिनियम के लागू होने की राजपत्र अधिसूचना 25 मार्च 2026 को जारी की जा चुकी है
- अब किसी के दो संतान हो या उससे अधिक उससे कोई इशू नहीं हैं। वह चुनाव लड़ सकता है ,इसलिए दो संतान वाले प्रावधान को हटा दिया गया।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) जयपुर की अनामिका कंवर का FIH वर्ल्ड पैरा हॉकी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

(2) फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल हॉकी की ओर से पहली बार स्पेशल और पैरा ओलिंपिक खिलाड़ियों का वर्ल्ड कप आयोजित किया जा रहा है।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- जयपुर की अनामिका कंवर का FIH वर्ल्ड पैरा हॉकी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।
- फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल हॉकी की ओर से पहली बार स्पेशल और पैरा ओलिंपिक खिलाड़ियों का वर्ल्ड कप आयोजित किया जा रहा है।
- वर्ल्ड कप का आयोजन HC मायरा एम्सटेल्विन नीदरलैंड में 20 से 24 अगस्त तक किया गया।
- अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी तथा एसएमएस में हॉकी कोच दलजिंदर सिंह भी भारतीय हॉकी टीम के कोच के रूप में वर्ल्ड कप में शामिल होंगे

**05. राजस्थान में टीबी मुक्त अभियान के तहत किस वर्ष तक राजस्थान को पूरी तरह से टीबी मुक्त कर दिया जाएगा?**

(A) वर्ष 2047

(B) वर्ष 2030

(C) वर्ष 2037

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में टीबी मुक्त अभियान के तहत 90% लक्ष्य पूर्ण किए जा चुके हैं। वर्ष 2030 तक राजस्थान को पूरी तरह से टीबी मुक्त कर दिया जाएगा।
- इसके तहत 11 हजार 143 अधिक जोखिम वाले गांवों का सर्वे कर 9 हजार 719 गांवों में विशेष शिविर लगाकर टीबी मुक्त राजस्थान के लिए कार्यवाही की गई है।देश में सर्वाधिक एक्सरे स्क्रीनिंग राजस्थान में की गई है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक जोगाराम ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों में टीबी मुक्त वार्ड अभियान चालू किए जाएंगे।
- भारत सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत के तहत पोषण सहायता राशि पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी गई है।

जयपुर, सोमवार, 13 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-144

1. **देश** में आधुनिक तकनीक और नवाचारों को बढ़ावा देते हुए सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत, अब तक सड़क निर्माण में लगभग कितने टन 'कचरे' का उपयोग किया जा चुका है?
(A) 20 लाख टन
(B) 50 लाख टन
(C) 80 लाख टन
(D) 100 लाख टन

2. **प्रदेश** के किसानों को योजनाओं का लाभ एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा कौन-सा पोर्टल विकसित किया गया है?
(A) राज किसान साथी ऐप
(B) ई-कृषक राजस्थान पोर्टल
(C) मुख्यमंत्री किसान सुविधा ऐप
(D) धरा राजस्थान पोर्टल

3. **राजस्थान** सरकार की महत्वाकांक्षी 'रामजल सेतु लिंक परियोजना' के प्रथम चरण से प्रदेश के कितने जिले लाभान्वित होंगे?
(A) 13 जिले (B) 15 जिले
(C) 21 जिले (D) 17 जिले

4. **प्रदेश** के 152 नगरीय निकायों में पुराने कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए कुल कितने करोड़ रुपये की परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है?
(A) 150 करोड़ रुपये
(B) 250 करोड़ रुपये
(C) 310 करोड़ रुपये
(D) 500 करोड़ रुपये

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत जयपुर जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) रत्नाभूषण
(B) मार्बल के उत्पाद
(C) ऑटोमोबाईल पार्ट्स
(D) कृषि आधारित उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. केंद्र सरकार की तर्ज पर राजस्थान में भी ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपए से बढ़ाकर कितने लाख रुपए कर दिया गया है?**

(A) 30 लाख रुपए

(B) 25 लाख रुपए

(C) 28 लाख रुपए

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine